Session
2022-23

# जीवीएम की आउटरिच टीम ने फाजिलपुर में जागरूकता रैली निकाली

जागरण संवाददाता, सोनीपत : जीवीएम गर्ल्स कालेज की यूनिवर्सिटी आउटरिच प्रोग्राम टीम ने गोद लिए गांव फाजिलपुर में बच्चों के साथ रैली निकालते हुए जागरूकता की अलख जगाई। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने कहा कि 13 से 15 अगस्त तक हर घर में तिरंगा फहराने में योगदान दें। इस दौरान प्राध्यापिका वंदना सचदेवा, छात्राएं नेहा दहिया, पायल, रेनू, सोनिया, सोनी, रितिका प्रजापति तथा शिवानी मौजूद रहीं।जैन विद्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों ने रक्षाबंधन का पर्व मनाया।

छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को राखी बांधी। छात्राओं ने स्कूल के प्रधान राकेश जैन व शशिभूषण जैन को भी राखी बांधी। इस मौके पर प्राचार्या डा. नीरू भी मौजूद रहीं।



गांव फाजिलपुर में बच्चों के साथ रैली निकालते हुए जीवीएम गर्ल्स कालेज की यूनिवर्सिटी आउटरिच प्रोग्राम टीम • जागरण

हिंदू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राखी मेकिंग प्रतियोगिता हुई। विद्यार्थियों ने एक-दूसरे की कलाई पर राखी बांधकर भाई-बहन के प्रेम को दर्शाया। प्रतियोगिता में बच्चों ने रंग-बिरंगी राखियां बनाकर वन-पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। प्राचार्य शम्मी सक्सेना ने रक्षाबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला।

**इंडियन स्कूल के छात्रों ने निकाली पदयात्रा :** इंडियन स्कूल के एनसीसी कैडेट व छात्र-छात्राओं ने गोहाना रोड बाईपास, शास्त्री कालोनी व इंडियन कालोनी में जागरूकता अभियान के तहत पदयात्रा निकाली गई। इसमें एनसीसी के कैडेट व छात्रों ने तिरंगा लेकर वंदेमातरम, भारतमाता की जय और हर घर तिरंगा फहराएंगे, आजादी का अमृत महोत्सव मनाएंगे जैसे नारे लगाते हुए रैली निकाली।

दैनिक जागरण

## जीवीएम की टीम ने किया जागरूक

सोनीपत। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के तहत जीवीएम गर्ल्ज कालेज की यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम टीम ने गोद लिए गांव फाजिलपुर में नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों के साथ रैली निकालते हुए जागरूकता की अलख जगाई। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने छात्राओं के प्रयास की सराहना करते हुए संदेश दिया कि 13 से 15 अगस्त तक हर घर में तिरंगा फहराने में नियमित रूप से दें सक्रिय योगदान। जीवीएम में यूनिवर्सिटी आउटरिच टीम की संयोजक प्राध्यापिका वंदना सचदेवा के नेतृत्व में टीम की स्वयंसेविकाओं ने फाजिलपुर में हर घर तिरंगा के तहत जागरूकता अभियान चलाया। HB

हरी भूमि - 11/8/22

## आउटरिच टीम ने किया जागरूकता कार्यक्रम

सोनीपत | हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के प्रयासों में जीवीएम गर्ल्स कालेज की यूनिवर्सिटी आउटरिच प्रोग्राम टीम ने गोद लिए गांव फाजिलपुर में नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों के साथ रैली निकालते हुए जागरूकता की अलख जगाई। संस्था के प्रधान डॉ. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने छात्राओं के प्रयास की सराहना करते हुए संदेश दिया कि 13 से 15 अगस्त तक हर घर में तिरंगा फहराने में नियमित रूप से दें सक्रिय योगदान। जीवीएम में यूनिवर्सिटी आउटरिच टीम की संयोजक प्राध्यापिका वंदना सचदेवा के नेतृत्व में आउटरिच टीम की स्वयंसेविकाओं ने फाजिलपुर में हर घर तिरंगा के तहत जागरूकता अभियान चलाया।

दैनिक भास्कर - 11/8/22

# EVENT – HAR GHAR TIRANGA CAMPAIGN UNDER 'AZADI KA AMRIT MAHOTSAV'

**DATE** – AUG 10, 2022

**VENUE** – FAZILPUR VILLAGE

Outreach team of GVMGC, Sonepat organised a awareness campaign under the scheme HAR GHAR TIRANGA to encourage the villagers for hoisting Indian flag on the ocassion of Independence day. Students of PG Commerce initiated the campaign through a rally. Our students Neha Dahiya, Payal, Renu, Sonia, Soni, Ritika and Shivani were accompanied by the students of ~~Fazilpur~~ govt. School of Fazilpur village.

President O.P. Paruthi and Principal Dr. Renu Bhatia praise the efforts






UNIVERSITY OUTREACH PROGRAM

of outreach team and motivate to hoist the flag from 13th to 15th August. This Campaign was organised under the guidance of outreach Coordinator Ms. Vandana Sachdeva. After the rally, a cultural programme was also organised. Students of outreach team gave the message to villagers through a Nukkad-Natak. outreach team distributed candies and sweets to the students of fazilpur village.

University outreach team made the students and villagers of fazilpur aware about the Har ghar Tiranga Abhiyaan. They tell that it is a campaign under the aegis of Azadi ka Amrit Mahotsav to encourage people to bring Tiranga home and hoist it at their home on Independence day.




G.P.S.
FAZILPUR (18066)

**हर घर तिरंगा अभियान के तहत जीवीएम की आउटरिच टीम ने फाजिलपुर में किया जागरूकता कार्यक्रम**

**नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों के साथ आउटरिच की छात्राओं ने रैली निकाल ग्रामीणों को किया जागरूक**

सोनीपत, 10 अगस्त।

आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के प्रयासों में जीवीएम गर्ल्ज कालेज की यूनिवर्सिटी आउटरिच प्रोग्राम टीम ने गोद लिए गांव फाजिलपुर में नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों के साथ रैली निकालते हुए जागरूकता की अलख जगाई। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने छात्राओं के प्रयास की सराहना करते हुए संदेश दिया कि 13 से 15 अगस्त तक हर घर में तिरंगा फहराने में नियमित रूप से दें सक्रिय योगदान।

जीवीएम में यूनिवर्सिटी आउटरिच टीम की संयोजक प्राध्यापिका वंदना सचदेवा के नेतृत्व में आउटरिच टीम की स्वयंसेविकाओं ने फाजिलपुर में हर घर तिरंगा के तहत जागरूकता अभियान चलाया। आउटरिच टीम की छात्राओं ने गांव की राजकीय पाठशाला के नन्हें छात्र-छात्राओं के साथ गांव में जागरूकता रैली निकाली। हाथों में तिरंगे लेकर भारतमाता की जय और देशभक्ति के नारे लगाते हुए गांव में प्रमुख मार्गों से रैली निकाली। वंदे मातरम और हर घर तिरंगा के नारों से पूरा गांव गूंज उठा।

रैली के उपरांत आउटरिच की छात्राओं ने गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया, जिनके माध्यम से भी छात्राओं ने हर घर तिरंगा का संदेश दिया। छात्राओं के साथ स्कूली विद्यार्थियों ने भी देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। आउटरिच की छात्राओं नेहा दहिया, पायल, रेनू, सोनिया, सोनी, रितिका प्रजापत तथा शिवानी आदि ने घर-घर जाकर भी लोगों को प्रोत्साहित किया कि वे हर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने घरों में तिरंगे अवश्य फहरायें।


-डा. रेनू भाटिया
प्राचार्या
जीवीएम गर्ल्ज कालेज

# छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाने के लिए शक्ति स्क्वायड का गठन

सोनीपत, 16 अगस्त (ब्यूरो): जी.वी.एम. गर्ल्स कालेज में 76वां स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया, जिसका आगाज संस्था के प्रधान डा. ओ.पी. परूथी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुए किया। इस दौरान छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाने के लिए कॉलेज में शक्ति स्क्वायड का गठन भी किया गया।

एन.एस.एस. इकाई के तत्वावधान में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ किया गया, जिसके सफल आयोजन में यूथ रैडक्रॉस इकाई तथा एन.सी.सी. और यूनिवर्सिटी आऊटरिच प्रोग्राम टीम ने विशेष सहयोग दिया।

एन.एस.एस. और यूथ रैडक्रॉस की छात्राओं ने समारोह को देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों से महकाया। एन.एस.एस. की प्रभारी रूचिका विरमानी के आह्वान पर प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने कालेज में शक्ति स्कवायड के गठन की घोषणा की, ताकि अन्य छात्राओं को भी खुद की सुरक्षा के गुर सिखाए जा सकें। इसमें रोहिणी की विशेष भूमिका रहेगी। समारोह में शामिल कालेज के प्रशासक मदनलाल कुमार तथा महासचिव रवि गांधी और कोषाध्यक्ष राजेश रेलन ने भी छात्राओं को प्रोत्साहित किया।



छात्राओं के साथ तिरंगा फहराती प्राचार्या डा. रेनू। (खत्री)

पंजाब केसरी - 17/8/22

## जीवीएम गर्ल्ज कालेज

प्रधान डा. ओपी परूथी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। जीवीएम की एनएसएस इकाई के तत्वावधान में आयोजित स्वतंत्रता दिवस ध्वजारोहण के साथ मनाया गया। आयोजन में यूथ रैडक्रॉस इकाई तथा एनसीसी और यूनिवर्सिटी आउटरिच प्रोग्राम टीम का सहयोग दिया। छात्राओं ने नृत्य, गायन तथा कविताओं की प्रस्तुति दी। इस मौके पर मदनलाल कुमार, रवि गांधी, राजेश रेलन सहित एनएसएस प्रभारी रूचिका विरमानी, एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट प्रियंका, यूथ रैडक्रॉस इकाई की प्रभारी रेणू पोपली, मौजूद रही।




हरी भूमि - 17/8/22

EVENT →

# 76th INDEPENCE DAY CELEBRATIONS

DATE → 15th Aug, 2022

VENUE → G.V.M. Girls College, Sonepat

Freedom in the mind; Faith in the words; Pride in our souls. Let's salute the nation and holds our heads high for we live in an independent India.

Independence Day was celebrated with patriotic fervor and enthusiasm at G.V.M. Girls College Campus. The celebration began with auspicious flag hoisting ceremony by our President Dr. O.P. Prutthi as a symbol of our national Pride and Identity. Under aegis of NSS, University outreach programme, N.C.C and Red Cross



जीवीएम गर्ल्स स्कूल में आजादी का अमृत महोत्सव मनाती छात्राएं • जागरण

जीवीएम गर्ल्स में संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी ने ध्वजारोहण किया। प्राचार्य डा. रेनू भाटिया, प्रशासक मदनलाल कुमार, महासचिव रवि गांधी और कोषाध्यक्ष राजेश रेलन, एनएसएस प्रभारी रुचिका विरमानी, एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट प्रियंका, यूथ रेडक्रास इकाई प्रभारी रेणू पोपली, वंदना सचदेवा, राकेश जुनेजा, ममता गांधी, दीपिका, जितेंद्र, अनिल, संतोष, गीतिका, नरेश, कविता आदि उपस्थित रहे। सर छोटूराम स्कूल में चेयरमैन जगदीश लोहचब ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर प्रबंधक बिमला दहिया, प्रधानाचार्य मेहर सिंह आर्य, उपप्राचार्या अनीता लोहचब, आकाश, कुमारी वर्षा, कुमारी अंजली, आयुष और कार्तिक, निशा आदि रहे। मंच संचालन रक्षा ने किया।

**इनर व्हील क्लब ने शहजानपुर में मनाया आजादी का महोत्सव :** इन्नर व्हील क्लब सोनीपत द्वारा सेनफोर्ट विशेष शिक्षा विद्यालय शहजानपुर में आजादी के महोत्सव के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया। उप प्रधान

दैनिक जागरण — 17/8/22



Unit the celebration began. It was followed by invoking the blessings of the Almighty and ceremonial lamp lighting ceremony.

The Students showcased Patriotism through skit, dance, and Poem. A Student Rohini showcased her exploits of stick, which was appreciated by everyone. It tailed the announcement of foundation of "Power Squad" in the college by Principal Dr. Renu Bhatia to upskill Self-defense in all the girls in the college.

Mr. Madan Lal Kumar (Administrator), Mr. Ravi Gandhi (General Secretary) Mr. Rajesh Relan (Treasurer) shared a very important message of hard earned freedom through the values of hard work,




वाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन ।
M. GIRLS COLLEGE


वाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन ।
M. GIRLS COLLEGE
स्वतन्त्रता दिवस समारोह
15

and dedication and not take this freedom for granted.


The Celebration Concluded with appreciation of success of 'Har ghar Tiranga' and a vote of thanks and best Independence day wishes for all by the Principal Dr. Renu Bhatia. It was a momentous day that filled the air with Patriotism and our hearts with gratitude for all the freedom fighters.

Staff Involved → Ms. RUCHIKA VERMANI (Incharge of N.S.S),

Ms. Vandana Sachdeva (Coordinator of UOP) &

Ms. Renu Popli (Coordinator of YRC)





आर्ट ऑफ लिविंग कार्यशाला में तनावरहित रहने के लिए छात्राओं की गतिविधियां कराई गईं। संवाद



# ART OF LIVING

## CAMP

**Dated :** 12th September - 14th September 22

**No. of Participants :** 42

The art of living camp was organised from 12th Sept. 2022 - 14th Sept. 2022. The guide of the camp was Dr. Shikha.

The main aim of the camp was to learn art of living i.e to know yourselves and to increase concentration power through meditation and breathing exercises. The camp was organised at G.V.M Girls College, Sonepat and the coordinator was Ms. Meetu

# Swachhata Pakhwada




Organised from:

1st September - 15th September 22

No. of Participants: 35

The objective of **SWACHHATA PAKHWADA** was to intense focus on the issues and practises of Swachhata.

13th September 2022

A rally was organised by college students & teachers with the motto of Swachh Bharat. The activity went well with slogans and enthusiasm.

ster making & logan writing ompetition were also held on the same day to encourage students.

14th September 2022

The activity was done in the college premises. It was cleaned and mucked by the teachers and participants.











विजेता छात्राओं के साथ प्राचार्या व अन्य स्टाफ सदस्याएं। (ख



# हिंदी दिवस

**Dated :** 14th September 2022

**No. of Participants**
32

Slogan making & Poster making comp-
-etition was held in the college premises to encourage students.

The main aim of the activity was **to emphasize the value of Hindi language & promote the use of this language worldwide.**

# तम्बाकू व नशीलो पदार्थों का बहिष्कार

Dated :- 27 September, 2022

No. of participants :- 16.

This program was organised in Lehrara village of Sonipat. The chief Guest Dr. Geeta Dahiya (C.M.O. Sonipat), Mr. Ravindra Saroha (Social Worker), Mr. Mohan singh Manocha (President of Sonipat nagar improvement manch) & some villagers were present.
Dr. Dahiya gave speech on "The Use of Tabacco would invite very harmful and deadly diseases".
Volunteers and teachers of our Outreach Programme team was present and our coordinator Ms. Meetu Manocha successfully organised this program. Volunteers & our coordinator of Outreach Programme were present and this program were success-fully made.

# तंबाकू का प्रयोग अत्यधिक हानिकारक, घातक रोगों को देता बुलावा: डॉ. गीता

## स्कूली विद्यार्थियों व ग्रामीणों को दिलाई तंबाकू का प्रयोग न करने की शपथ

भास्कर न्यूज़ | सोनीपत



सोनीपत. जीवीएम गर्ल्स कॉलेज तंबाकू को लेकर जागरूक किया गया।

जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में स्थापित यूनिवर्सिटी आउटरिच टीम के तत्वावधान में मंगलवार को राजकीय विद्यालय लहराड़ा में तंबाकू को लेकर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में डिप्टी सीएमओ डा. गीता दहिया ने किया। संस्था के प्रधान डॉ. ओपी परूथी व प्राचार्या डॉ. रेनू भाटिया ने तंबाकू के खतरों के प्रति आगाह किया। इस दौरान स्कूली विद्यार्थियों तथा ग्रामीणों को तंबाकू का प्रयोग न करने की शपथ भी दिलाई गई। यूनिवर्सिटी आउटरिच टीम की प्रभारी मीतू मनोचा के निर्देशन में राजकीय विद्यालय लहराड़ा में तीन दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। पहले दिन मुख्य अतिथि डिप्टी सीएमओ डॉ. गीता दहिया ने विस्तार से तंबाकू के प्रयोग से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी। यूनिवर्सिटी आउटरिच टीम की प्रभारी मीतू मनोचा ने मुख्याध्यापिका संतोष खत्री व अन्य का आभार जाया। इस मौके पर पार्षद सूर्य दहिया, समाजसेवी सरदार मोहन सिंह मनोचा व रविंद्र सरोहा, शिक्षक विरेंद्र कुमार, धर्मेंद्र, रजनीश, राजेश, ज्योति मलिक तथा ग्रामीण रणधीर सरोहा व राजबीर सरोहा सहित अन्य उपस्थित रहे।

Awareness Programme related to "Drive Against Alcohol & Drug Abuse".








UNIVERSITY OUTREACH PROGRAMME
MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY, ROHTAK
"LET'S BE THE CHANGE FOR BETTER INDIA"
G.V.M. GIRLS COLLEGE, SONIPAT
Welcomes You
"Spread Smile! Feel The Difference"
F.F. Ch. Chandan Singh
Govt. Sr. Sec. School
Baiyanpur Lehrara
बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ


MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY, ROHTAK
Feel The Difference"
F.F. Ch. Chandan Singh
Govt. Sr. Sec. School
Baiyanpur Lehrara
बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

# साक्षरता अभियान


**Dated :- 27 September, 2022**

**No. of Participants :- 16**

Literacy campaign was conducted by the Outreach programme team of G.V.M. Girls college. Under which the girls pres-ented drama in Lehrara village of Sonipat district and explained the impo-rtance of Education & being literate to all the elderly and children of the village.
Raised the morale of the youth with the help of Posters & Slogans. Many volunteers also joined us. Our coordinator Ms. Meetu Manocha was also present with us.



# मृदा-जल संरक्षण समय की मांग: डॉ. भाटिया



सोनीपत। स्कूल में पहुंची टीम जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

- लहराड़ा में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से किया गया मृदा व जल संरक्षण के लिए प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जीवीएम गर्ल्ज कालेज की एनएसएस इकाई व यूनिवर्सिटी आउटरिच टीम के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को लहराड़ा गांव स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मृदा एवं जल संरक्षण विषय पर पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन का आयोजन किया गया। जिसके तहत मृदा व जल संरक्षण पर बल दिया गया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने सफल आयोजन पर बधाई देते हुए कहा कि मृदा व जल संरक्षण समय की मांग है।

एनएसएस इकाई की प्रभारी रूचिका विरमानी व यूनिवर्सिटी आउटरिच टीम की प्रभारी प्राध्यापिका मीतू मनोचा के नेतृत्व में आयोजित सेमीनार की अध्यक्षता समाजसेवी रविंद्र सरोहा ने की। संयोजक प्राध्यापिका मीतू मनोचा ने ग्रामीणों व स्कूली विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मिट्टी की उर्वरा शक्ति को नष्ट होने से बचाने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए।

मिट्टी का संरक्षण अति आवश्यक है। इस दौरान स्कूल की प्रिंसीपल संतोष खत्री ने दोनों इकाइयों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी रविंद्र सरोहा ने की।



# Powerpoint Presentation on

# Water and Soil Conservation

Dated :- 17-10-2022

No. of Participants :- 16

NSS Team and the volunteers of University Outreach Programme of GVM Girls College visited Govt. Senior Secondary School of Lehrara for Soil and Water Conservation Awareness. For that a PPT was presented by Shweta and Prachi. The program was presided by Sh. Ravindra Saroha (Social worker), Programme coordinator Ms. Meetu Manocha and NSS incharge Ms. Ruchika Virmani along with students, people of Lehrara Village, Randhir Saroha, Rajbir Saroha, Nayam Saifi and others were also present. The PPT was successf-ully presented with the aspects Soil & Water's importance, conservation & its future sustainabil-ty deteroration. The Programme was fulfilled by Sh. Virender (Senior Lecturer of G.S.S.S) & atlast the coordination Ms. Meetu Manocha thanked all the presentees and Programme

# Clean And Green Diwali

No. of Participants :- 13

Dated : 19-10-2022

Volunteers of University Outreach Programme of GVM Girls College along with Meetu Manocha and Dr. Smiti Aggarwal visited Govt. Senior Secondary School of Lehrara for Clean and Green Diwali Celebration. For this, they organize Slogan & Poster Making, Diya and Candle Decoration and Rangoli Making competition for school students. Students participated in these competitions with great enthusiasm. The Chief guest of this event was Ravindra Saroha Ji. The main theme of the program was "Say no to Crackers". On the topic of "Clean and Green Diwali", Meetu Manocha & Dr. Smiti Aggarwal give their views to students. At last to encourage students prize distribution was also held.




## जीवीएम कॉलेज की यूनिवर्सिटी आउटरिच टीम ने लहराड़ा में बच्चों संग मनाया दिवाली उत्सव

सोनीपत | जीवीएम कॉलेज की यूनिवर्सिटी आउटरिच टीम ने बुधवार को लहराड़ा गांव में बच्चों के साथ दिवाली उत्सव मनाते हुए आतिशबाजी को न कहने का संदेश दिया। यूनिवर्सिटी आउटरिच टीम की प्रभारी प्राध्यापिका मीतू मनोचा ने बताया कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लहराड़ा में आयोजित दिवाली उत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी रविंद्र सरोहा ने दीप प्रज्वलित करते हुए किया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को दिवाली उत्सव की बधाई देते हुए उनके मंगलमय जीवन की कामना की। इस दौरान स्कूली विद्यार्थियों के लिए - से नो टू क्रेकर्स विषय के तहत नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग तथा दीया व मोमबत्ती सजाओ और रंगोली सजाओ स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक इन स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। प्राध्यापिका डॉ. समिति अग्रवाल ने क्लिन एंड ग्रीन दिवाली विषय के तहत विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया कि वे आतिशबाजी का प्रयोग न करें। पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करते हुए हरित व स्वच्छ दिवाली मनायें। आतिशबाजी से दूर रहते हुए प्रदूषण पर लगाम लगायें। पटाखों से पर्यावरण को अत्यधिक नुकसान पहुंचता है। इसलिए पटाखों का प्रयोग न करें और दूसरों को भी यही संदेश दें।



# चरित्र निर्माण पर कार्यशाला का आयोजन

सोनीपत। जीवीएम गर्ल्ज कालेज में चरित्र निर्माण विषय पर कार्यशाला का आयोजन करते हुए छात्राओं को चरित्र के महत्व से अवगत करवाया गया कि चरित्र के बिना व्यक्तित्व का निर्माण संभव नहीं है।



संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने कार्यशाला के सफल आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि चरित्र से ही हमें पहचान देता है। यूनिवर्सिटी आउटरिच टीम की प्रभारी गीतू मनोचा ने बताया कि सोमवार को कालेज में एनसीसी व एनएसएस और आउटरिच टीमों के संयुक्त तत्वावधान में चरित्र निर्माण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्या डा. रेनू भाटिया व आमंत्रित मुख्य वक्ता भावना कपूर ने दीप प्रज्वलित करते हुए किया। कार्यशाला में 102 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।






# Workshop on Character Building...

## No. of participants :- 102

Date :- 7th Nov, 2022

Workshop on Character building was organised in GVM girls college, Sonepat. Chief Guest of the workshop was Ms. Bhawna Kapoor, principal Dr. Renu Bhatia, Coordination Lt. Priyanka, NCC Co-ordinator Ms. Ruchika Virmani, Outreach Co-ordinator Ms. Meetu Manocha, NSS & Volunteers of University Outreach Programme were present. Under the joint aegis of the personalities, light lamping was performed by Chief Guest.

Ms. Bhawna explained the students about Character building. She said that we must pay attention on the character building, in this glamorous world of social media & internet. She briefly explained about being still & calm in every situation of life. The Programme was successfully accomplished by thanking the Chief Guest & an Oath for following the same in life.





# छात्राओं को दी मिट्टी की जानकारी

जीवीएम कन्या महाविद्यालय में यूनिवर्सिटी आउटरीच टीम के तत्वावधान में एनएसएस व एनसीसी इकाइयों के सहयोग से छात्राओं को मिट्टी की जानकारी दी। टीम की प्रभारी प्राध्यापिका मीतू मनोचा ने मिट्टी के प्रकार की जानकारी दी। छात्राओं ने नारियल की खोल का इस्तेमाल नए पौधे उगाने के लिए किया। मीतू मनोचा ने कहा कि बेहतरीन पैदावार के लिए मिट्टी की गुणवत्ता बनी रहनी चाहिए। इसके लिए मृदा टेस्टिंग लैब में अपनी मिट्टी की जांच भी करवानी चाहिए ताकि मिट्टी में आवश्यक तत्वों का पता चल सके। रुचिका विरमानी ने कहा कि मिट्टी के स्वास्थ्य के लिए फसल अवशेष प्रबंधन जरूरी है।



# Launching of "Soil & Water Conservation" Programme :-

No. of participants :- 21

Date :- 5th Dec, 2022

Today, Dr. Renu Bhatia (Principal), Ms. Meetu Manocha (Coordinator- Outreach programme), Lt. Priyanka (Convenor NCC) along with students of University Outreach and NCC planted saplings and launched soil & water Conservation programme in college campus. Students took an Oath of planting a plant as a measure of afforestation under soil conservation and to save water in daily choices for water conservation. New plants were planted which symbolized a new cause to save our mother soil. Benefits of soil & water conservation were discussed and preventive measures for the same to be followed in the college and indaily life of participants. Teachers also told the students how to follow them & some key points to encourage further


UNIVERSITY OUTREACH PROGRAMME
M. D. UNIVERSITY ROHTAK
ONE DAY CAPACITY BUILDING WORKSHOP
on
"OUTREACH AND SOCIAL TRANSFORMATION"
Date: 11-01-2023





# One Day Capacity Building Workshop On "Outreach and Social Transfor-mation"

**Date** - 11-01-2023

**No. of participants** - 10

Outreach team of GVM Girls College attended One Day Capacity Building Workshop on "Outreach & Social Transformation" dated on Jan 11, 2023 organised by MDU Rohtak. Vice Chancellor, Prof. Rajbir Singh told that how we improve our all round personality and we must focus on Outreach activities. Also Resource person of workshop, Sh. Pushpender Rathi told that how to connect with society & should be master of one subject. The Convenor of Outreach team Mrs. Meetu Manocha and 10 volunteers participated in this workshop. At the end, Chief guest Dr. Sharanjeet Kaur told that we must do creative works also.









जीवीएम में रोड सेफ्टी विषय पर आयोजित पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में बीसीए की अनु रही अव्वल

रोड सेफ्टी सप्ताह के अंतर्गत जीवीएम के रोड सेफ्टी क्लब ने करवाया आयोजन

सोनीपत, 16 जनवरी।

छात्राओं को यातायात नियमों की अनुपालना के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जीवीएम गर्ल्ज कालेज में आयोजित रोड सेफ्टी पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीसीए प्रथम वर्ष की छात्रा अनु ने बाजी मारी। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने विजेताओं को बधाई देते हुए सडक यातायात नियमों की ईमानदारी से पूर्ण अनुपालना के लिए प्रोत्साहित किया।

सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार जीवीएम के रोड सेफ्टी क्लब एवं सुरक्षा कवच तथा नेचर एंड ट्रैफिक इंटरप्रीटेशन सेंटर और यूनिवर्सिटी आउटरिच प्रोग्राम टीम के संयुक्त तत्वावधान में जीवीएम में 11 जनवरी से 17 जनवरी तक रोड सेफ्टी सप्ताह का आयोजन किया गया है। रोड सेफ्टी क्लब एवं सुरक्षा कवच की प्रभारी प्राध्यापिका डा. पूजा गुलाटी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सडक सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत सोमवार को विषय के तहत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्वलित करके किया।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया, जिसमें अनु अव्वल रही तथा एमएससी उत्तरार्द्ध की छात्रा श्वेता ने द्वितीय और बीसीए प्रथम वर्ष की छात्रा शशि ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस दौरान रोड सेफ्टी क्लब की प्रभारी डा. पूजा गुलाटी व यूनिवर्सिटी आउटरिच टीम की प्रभारी प्राध्यापिका मीतू मनोचा ने प्राचार्या का स्वागत करते हुए आयोजन की जानकारी दी। अंत में प्राचार्या डा. रेनू भाटिया व डा. पूजा गुलाटी तथा मीतू मनोचा ने विजेताओं को सम्मानित किया। इस मौके पर प्राचार्या डा. भाटिया ने सफल आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि यह ज्वलंत विषय है, जिसे गंभीरता से समझने की आवश्यकता है। हमें स्वयं सडक यातायात नियमों की अनुपालना करते हुए दूसरों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

-डा. रेनू भाटिया

# Poster Making Competition on Road Safety

Date - 16-01-2023
No. of Participants - 16

On 16-01-23, a poster making competition was held in the college campus. Many students participated in it and showed their ideas on Road Safety. The activity went well with posters & slogans. Road Safety week has been organised in GVM from Jan 11 to Jan 17 under the joint auspices of GVM's Road Safety Club and Suraksha Kavach and Traffic Interpretation Centre and University Outreach team as per the instructions of Ministry of Road Transport and Highways, Govt. of India. The main aim of the activity was to focus on rules and necessity of Road Safety.

# Seminar on Road Safety

January 17, 2023

No. of Participants :- 12

A seminar was organized under Road Safety Week at GVM Girls College, Sonepat on 17 January. During this seminar girls students were encouraged to fully comply with road traffic rules. "Follow road traffic rules completely to avoid road accidents" said Sandeep Batra. He gave detailed information about road safety & traffic rules. We ourselves should encourage other people to follow the traffic rules honestly. Along with this an oath was also taken by students & teachers. During this seminar, Prof. Meetu Manocha, incharge of university outreach team and Dr. Pooja Gulati, incharge of Road Safety Club, while expressing gratitude to chief speaker and Principal, said that the activities under Road Safety Week will be continued.






सडक दुर्घटनाओं से बचने के लिए करें सडक़ यातायात नियमों की पूर्ण अनुपालना- संदीप बतरा

जीवीएम गर्ल्ज कालेज में सडक़ सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत करवाया गया संगोष्ठी का आयोजन

सोनीपत, 17 जनवरी।

जीवीएम गर्ल्ज कालेज में सडक़ सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित संगोष्ठी के माध्यम से छात्राओं को सडक़ यातायात नियमों की पूर्ण अनुपालना के लिए प्रोत्साहित किया गया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने सफल आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि सडक़ यातायात नियमों की अनुपालना ईमानदारी से अनिवार्य रूप से करनी चाहिए। ऐसा करके हम बड़े स्तर पर सडक़ दुर्घटनाओं से खुद को संरक्षित रख सकते हैं।

जीवीएम की एनएसएस इकाई ने युनिवर्सिटी आउटरिच प्रोग्राम टीम और रोड सैफ्टी क्लब के विशेष सहयोग से सडक़ सुरक्षा यातायात नियमों को लेकर एक संगोष्ठी का आयोजन करवाया गया, जिसका शुभारंभ प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने आमंत्रित प्रमुख वक्ता कानूनी सेवक संदीप बतरा तथा एनएसएस प्रभारी रूचिका विरमानी ने दीप प्रज्वलित करते हुए किया। प्रमुख संयोजक एनएसएस प्रभारी रूचिका विरमानी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि एनएसएस के एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम के साथ यह आयोजन करवाना सुखद है। कालेज में सडक़ सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसके तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

संगोष्ठी के मुख्य वक्ता कानूनी सेवक संदीप बतरा ने इस दौरान विस्तार से सडक़ सुरक्षा यातायात नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सडक़ दुर्घटनाओं से बचने के लिए सडक़ यातायात नियमों की पूर्ण अनुपालना करनी चाहिए। अधिकांश सडक़ दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण यातायात नियमों की अवहेलना होती है। हमें स्वयं यातायात नियमों की ईमानदारी से अनुपालना करते हुए अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। साथ ही उन्होंने छात्राओं और शिक्षकों को सडक़ यातायात नियमों की पूर्ण अनुपालना की शपथ भी दिलाई।

इस दौरान यूनिवर्सिटी आउटरिच टीम की प्रभारी प्राध्यापिका मीतू मनोचा तथा रोड सैफ्टी क्लब की प्रभारी डा. पूजा गुलाटी ने मुख्य वक्ता व प्राचार्या का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सडक़ सुरक्षा सप्ताह के तहत गतिविधियां जारी रखी जाएगी। इस मौके पर प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने कहा कि नियम और अनुशासन सबके लिए बने हैं, जिनकी उल्लंघना करने पर समस्या पैदा होती है। इसलिए सडक़ यातायात नियमों की अनुपालना भी हमें ईमानदारी से करनी चाहिए, ताकि सडक़ दुर्घटनाओं पर लगाम लगाई जा सके।

डा. रेनू भाटिया

# Health Check-Up Camp

Date : 25 January, 2023

No. of Participants :- 13

A free health check-up camp alongwith a seminar on drug abuse was organi-sed on the sixth day of ongoing seven day residential camp of NSS unit of GVM Girls College, Sonepat. On the occasion of National Voter's Day, villagers and volunteers were made aware of the importance of voting during a residential camp at Lehrada, Sonepat. District Information and Public Relations Officer (DIPRO) Bijendra Kumar, invited as the chief guest in the camp, gave a message to stay away from all kinds of drugs while giving information about the side effects of drugs in a seminar organized on drug addiction.

जीवीएम की एनएसएस इकाई के शिविर के छठे दिन करवाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

सक्सेना अस्पताल के चिकित्सकों ने ग्रामीणों के साथ एनएसएस की शिविरार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की

नशा कर रहा समाज को खोखला और युवाओं को बर्बाद: डीआईपीआरओ बिजेंद्र कुमार

शिविर के सायंकालीन सत्र में स्वयंसेविकाओं ने रेलवे स्टेशन पर जाकर जरूरतमंदों को पिलाया जूस

सोनीपत, 25 जनवरी।

जीवीएम गर्ल्ज कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के लहराड़ा में जारी सात दिवसीय आवासीय शिविर के छठे दिन नशाखोरी पर संगोष्ठी के साथ निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने बेहतरीन आयोजन की बधाई देते हुए राष्ट्रीय मतदाता दिवस की बधाई दी।

जीवीएम की एनएसएस इकाई की प्रभारी प्राध्यापिका रूचिका विरमानी के नेतृत्व में जारी आवासीय शिविर के दौरान राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर ग्रामीणों और स्वयंसेविकाओं को वोट के महत्व से अवगत करवाया गया। इसके पहले छठे दिन का शुभारंभ प्रार्थना व योगाभ्यास से किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित जिला सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी (डीआईपीआरओ) बिजेंद्र कुमार ने नशाखोरी पर आयोजित संगोष्ठी में नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए हर प्रकार के नशे से दूर रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नशा हमारे समाज को खोखला कर रहा है और युवाओं को बर्बादी की राह पर धकेल रहा है। एकजुटता के साथ इस सामाजिक बुराई से लडने की जरूरत है। एनएसएस की स्वयंसेविकाओं तथा एनसीसी कैडेटों को भी नियमित रूप से लोगों को नशे के प्रति जागरूक करने का प्रयास करना चाहिए।

शिविर के दूसरे सत्र में एनसीसी इकाई तथा यूनिवर्सिटी आउटरिच प्रोग्राम टीम के विशेष सहयोग से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लहराड़ा में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। सक्सेना अस्पताल की निदेशक एवं एसीपी इंडिया वूमन विंग प्रोजैक्ट आईआरआईएस की चेयरपर्सन डा. दिव्या सक्सेना के निर्देशन में अस्पताल की टीम ने ग्रामीणों के साथ स्कूली विद्यार्थियों और एनएसएस की स्वयंसेविकाओं के स्वास्थ्य की जांच की। इनमें ऑर्थोपेडिक्स सर्जन डा. प्रवेश, डेंटिस्ट डा. अभिमन्यु व डा. राजेश, रेजीडेंट डाक्टर डा. सचिन तथा ऑपरेशन्स हैड डा. अभिमन्यु कुमार और नर्सिंग स्टाफ ने सेवाएं दी।

शिविर के सायंकालीन सत्र में समाज सेवा की ओर कदम बढ़ाये गये। एनएसएस प्रभारी रूचिका विरमानी व स्वयंसेविकाओं ने अपनी पॉकिटमनी से पैसे एकत्रित करके रेलवे स्टेशन पर जरूरतमंद लोगों को जूस पिलाया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी आउटरिच टीम की प्रभारी प्राध्यापिका मीतू मनोचा विशेष रूप से शामिल रही। इसके पहले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्रिंसीपल संतोष खत्री व वाइस-प्रिंसीपल विनोद का भी एनएसएस इकाई ने विशेष सहयोग के लिए मिलकर आभार प्रकट किया।

डा. रेनू भाटिया

प्राचार्या

जीवीएम गर्ल्ज कालेज







## ब्रैस्ट कैंसर से बचाव के लिए किया जागरूक

सोनीपत, 14 फरवरी (ब्यूरो): जी.वी.एम. गर्ल्स कालेज की यूनिवर्सिटी आऊटरिच प्रोग्राम टीम के तत्वावधान में ब्रैस्ट कैंसर विषय पर आयोजित हैल्थ टॉक में छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए नियमित रूप से चिकित्सीय जांच करवाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। संस्था के प्रधान डा. ओ.पी. परूथी व प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने कहा कि इस प्रकार की जानकारी सभी बहन-बेटियों को होनी चाहिए, जिसके लिए सबको अपने स्तर पर जानकारी का आदान-प्रदान करना चाहिए।



संबोधित करतीं डा. मानित कोरपाल। (खत्री)

हैल्थ टॉक का शुभारंभ आमंत्रित प्रमुख वक्ता डा. मानित कोरपाल तथा प्राचार्या डा. रेनू भाटिया और यूनिवर्सिटी आऊटरिच टीम की प्रभारी प्राध्यापिका मीतू मनोचा ने दीप प्रज्वलित करते हुए किया।

संयोजक प्राध्यापिका मीतू मनोचा ने विस्तार से डा. मानित का परिचय करवाया। इस दौरान डा. मानित कोरपाल ने विस्तार से ब्रैस्ट कैंसर के लक्षणों तथा बचाव की जानकारी दी। इस मौके पर सहयोगी प्राध्यापिका टीना धींगड़ा, सपना मलिक, [illegible] संगीता आदि उपस्थित रहीं।



# Health talk Program on Breast Cancer

**Date:** 14-02-2023

**No. of Participants:** 49

Under the auspices of University Outreach-Program team of GVM Girls College, Sonepat, a health talk program was organized on the topic BREAST CANCER. Girls and women were encouraged to get regular medical check-ups done. Congratulating the organization's head Dr. OP Pruthi and Principal Dr. Renu Bhatia on the successful seminar, they said that this type of information should be known to all sisters and daughters.

The health talk was inaugurated by invited keynote speaker Dr. Manit Korpal and Principal Dr. Renu Bhatia and in-charge of university Outreach Team Prof. Meetu Manocha by lighting the lamp. Convenor Prof. Meetu Manocha int--roduced Dr. Manit, working as Senior Resident (General Surgery) of Ram Manohar Lohia Hospital, Delhi.

# Awareness Rally on Environmental Protection >>>...

**DATE : 28-03-2023**

**No. OF PARTICIPANTS : 17**

The university Outreach Team of GVM Girls College, Sonepat took out an awareness rally in Lehrada village regarding environmental protection and global warming. The girl students made the villagers not to spread pollution. The rally was taken out under the leadership of Professor Mitu Marocha, In-charge of University Outreach team of GVM college. Along with this, other people should also be encouraged for this. College Principal Dr. Renu Bhatia encouraged girl students to plant saplings for environmental protection and to reduce global warming...

## छात्राओं ने पौधे लगाने के लिए किया जागरूक



लहराड़ा गांव में जागरूकता रैली निकालतीं छात्राएं • सौजन्य : कालेज

वि, सोनीपत : जीवीएम कन्या कालेज की यूनिवर्सिटी आउटरिच टीम ने पर्यावरण संरक्षण और ग्लोबल वार्मिंग को लेकर लहराड़ा गांव में जागरूकता रैली निकाली। छात्राओं ने ग्रामीणों को प्रदूषण नहीं फैलाने के लिए जागरूक किया। जीवीएम की यूनिवर्सिटी आउटरिच टीम की प्रभारी प्राध्यापिका मीतू मनोचा के नेतृत्व में रैली निकाली गई। मनोचा ने भी ग्रामीणों को ग्लोबल वार्मिंग के खतरों से अवगत करवाते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया। ग्लोबल वार्मिंग के खतरों को कम करने के लिए पर्यावरण को बचाना जरूरी है। इसके लिए अधिक पौधारोपण करते हुए उनका संरक्षण करना चाहिए। साथ ही अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। कालेज प्राचार्य डा. रेनू भाटिया ने छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण करने के लिए प्रोत्साहित किया।









# Seminar on Best Out of Waste...

DATE :- 01-04-2023

No. of PARTICIPANTS :- 21

In GVM College, under the aegis of University Outreach team, through a lecture on the topic of waste management the girl students were prone to proper disposal of waste. The lecture organised on the subject of waste management was jointly inaugurated by Dr. Renu Bhatia, Pooja Saroha, Meetu Manocha and Sarita. The students of M.Sc Mathematics, who participated in the lecture, also created artistic and recycled items from waste materials, which were displayed on the occassion and other students were also encouraged to do the same.

# पर्यावरण संरक्षण के लिए कूड़ा प्रबंधन जरूरी : पूजा सरोहा



जीवीएम कालेज के कार्यक्रम में कूड़ा प्रबंधन के बारे में बताती पूजा सरोहा • सौजन्य [illegible]

[illegible]वे, सोनीपत : जीवीएम गर्ल्स कालेज में यूनिवर्सिटी आउटरिच टीम के तत्वावधान में कूड़ा प्रबंधन विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी ने छात्राओं को कूड़ा प्रबंधन के लिए जागरूकता फैलाने को प्रोत्साहित किया।

कालेज प्राचार्या डा. रेनू भाटिया, मुख्य वक्ता पूजा सरोहा, संयोजक प्राध्यापिका मीतू मनोचा व सरिता ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य वक्ता सरोहा ने कहा कि कूड़ा कभी भी इधर-उधर खुले में नहीं फें[illegible]ना चाहिए। यह बहुत हानिकारक [illegible] होता है। खासतौर पर पर्यावरण और [illegible]वों के स्वास्थ्य के लिए नुकसाद[illegible]यक होता है।

इससे गंदगी भी फैलती है और बीमारियां भी फैलती हैं। उन्होंने कहा कि कूड़ा कई प्रकार का होता है। इनमें चि[illegible]कित्सकीय अपशिष्ट बेहद खतरनाक होता है, जिसका उचित निस्तारण अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिए।

# यूनिवर्सिटी आ[illegible]उटरिच टीम ने करवाया कूड़ा प्रबंधन विषय पर व्याख्यान का आयोजन

सोनीपत। जीवीएम [illegible] कालेज में यूनिवर्सिटी आउटरिच टीम के तत्वावधान में कूड़ा प्रबंधन विषय प[illegible] आ[illegible]योजित व्याख्यान के माध्यम से छात्राओं को कूड़े को उचित निस्तारण के लिए प्रो[illegible] किया गया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. रेनू भाटिया ने स[illegible] आयोजन की बधाई दी। कूड़ा प्रबंधन विषय पर आयोजित व्याख्यान का शुभारंभ [illegible] डा. रेनू भाटिया, पूजा सरोहा, मीतू मनोचा व सरिता ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर संयोजक प्राध्यापिका मीतू मनोचा ने बताया कि व्याख्यान में हिस्सा ले[illegible] वाली एमएससी गणित की छात्राओं ने इस दौरान व्यर्थ की चीजों से कलात्मक एवं स[illegible]जावटी वस्तुओं का निर्माण भी किया, जिसे इस अवसर पर प्रदर्शित करते हुए अन्य छात्राओं को भी इसके लिए प्रोत्साहित किया गया।



